Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to government to extend the due date of payment of electricity bill for farmers.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । अध्यक्ष महोदय, इस साल अनेक आपदाओं से जूझकर किसान खेती कर रहा है । कभी भारी वर्षा के कारण हो या आज कोरोना से लड़कर हो । इसमें खेती का काफी नुकसान हो रहा है । इस हालात में एमएसईबी डिपार्टमेंट कि सानों को इलेक्ट्रिसिटी बिलों को भरने के लिए दबाव बना रहा है । जो बिल नहीं भर पा रहे हैं, उनका कनेक्शन काटा जा रहा है । अभी हार्वेस्टिंग पीरियड चल रहा है । मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से यह अनुरोध करती हूं कि इलेक्ट्रिसिटी बिल भरने की आवश्यकता तो है, लेकिन उसका समय बढ़ा दिया जाए और इस वैश्विक संकट में हमारे इस अन्नदाता किसान को राहत दी जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवले और डॉ. हिना विजयकुमार गावित को डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।